युवा स्नेह छावनी - YOUTH LEADERSHIP PROGRAM

आज जब युवा अपने सपनों की पूर्ति के लिए किए जाने वाले प्रयासों के तहत प्रतिदिन नित नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं ...विविध क्षेत्रों में पदार्पण करते समय उनसे उनके ज्ञान व गुणों की कसौटी पर खरा उतरने की अपेक्षा रहती है...जहाँ किसी विशिष्ट स्थान पर पहुंचने की महत्वाकांक्षा के साथ गतिशील प्रत्येक युवा को सर्व समावेशी सोच व जय जगत घोष के आधार के पर व्यक्तित्व, नेतृत्व व दायित्व के बारे में अपना परिचय देना होता है | इस परिप्रेक्ष्य में सदा - मैत्री, बंधुभाव व भावनिक एकता के लिए सहनिवास व साहचर्यपूर्ण नियोजित ये युवा कार्यशालाएं तरुणाई के जीवन में एक अहम भूमिका अदा करती हैं...जहां उनके नेतृत्व गुणों के संवर्धन की दिशा में लोकतांत्रिक मूल्य, वैचारिक दृष्टिकोण, दूरदर्शिता, निर्णय क्षमता व समस्या समाधान के संदर्भ में उनकी भूमिका, वक्तृत्व - शैली/ वाद- संवाद जैसे विविध गुणों के विकास हेतु मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया जाता है |

स संदर्भ में Ethical Leadership, Innovation Capabilities,Art and Literature Appreciation,Vision Building and Goal Setting, Networking,Forming Team, Planning, Study Tour जैसे प्रयुक्त माध्यम उन्हें सक्षम बनाते हैं अर्थात् व्याख्यान /चर्चा - सत्र, वाद- संवाद, व्यक्तिगत मूल्यांकन, युवा संसद, प्रतिभा - शोध व एक सुर एक ताल के साथ ही पर्यटन को भी समाविष्ट किया जाता है | उदाहरणार्थ जहां ' एलोरा - मीट ' विश्वविख्यात शिल्प - कला का अनूठा दर्शन कराती है...वहीं ' ताज - मीट ' बृज - भूमि से लेकर मुगलकालीन इतिहास, प्रेम प्रतीक व श्रेष्ठ रचनाकारों गालिब व सूरदास की भूमि से युवाओं को रू- ब- रू कराती है | इसके समानांतर ही सभी शिविरार्थियों को ' स्वच्छता से स्वास्थ्य व समृद्धि ' की दिशा में आचरणबद्ध होने तथा वर्तमान प्रदूषित वातावरण से मुक्त होने और टूटते परिवारों को संगठित करने हेतु प्रयासरत रहने का संकल्प भी दिया जाता है | निराशाजनक वातावरण में सकारात्मक उर्जा निर्माण करने की पहल ही इस सबका अभीष्ट होता है |

ताज-मीट (आगरा- यू. पी.) 28 सितम्बर सुबह 11:00 से 03 अक्तूबर 2024 सुबह 10:00 बजे तक

एलोरा- मीट (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) 21 दिसम्बर सुबह 11:00 से 26 दिसम्बर 2024 सुबह 10:00 बजे तक

वसुंधरा-मीट (स्थल घोषणा 26 जून) 11 अगस्त सुबह 11:00 से 15 अगस्त 2024 सुबह 10:00 बजे तक । वृक्षस्नेह संस्कार के रूप में श्रम-प्रतिष्ठा के धरातल पर 'हिरवे आंगन वनराई घरपन अभियान' ।

इन सभी युवा शिविरों के संदर्भ में विशेष जानकारी व पंजीकरण हेतु दिनांक 9 अगस्त से Email : info@biradari.org पर संपर्क किया जा सकता है |

Registration Link: https://forms.gle/w7gum41HsVQ8vVHW6

YUVAK BIRADARI
(BHARAT)

Website : www.biradari.org
Email : info@biradari.org

हजारीमल सोमाणी मार्ग, फोर्ट,
मुंबई - ४०० ००१.
फोन : - ०२२ २२०७५५९२